प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यभर में शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा रहा होली, दिन में लोगों ने एक–दूसरे को लगाया रंग, शाम से अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को रंगोत्सव की दे रहे बधाई।
2. राज्य सरकार खासमहल जमीन को फ्री होल्ड करने की दिशा में बढ़ रही आगे, लीजधारियों को जमीन का मिलेगा मालिकाना हक, कर सकेंगे खरीद–बिक्री।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे, देशवासी 28 मार्च तक दे सकते हैं अपने सुझाव।
4. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रामगढ़ जिला के नेमरा मे आय़ोजित बाहा पर्व कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा–आदिवासी परंपरा औऱ कला संस्कृति को संरक्षित करने के साथ बढ़ रहे आगे।

और

5. रांची में झारखंड राज्य वुडबॉल चयन ट्रॉयल सह प्रतियोगिता का आयोजन कल, चयनित खिलाड़ी नागपुर में होने वाली राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व।

******************

राज्यभर में आज शांति और सौहार्द के साथ होली का त्य़ोहार मनाया जा रहा है। लोगों ने दिन में जहां एक–दूसरे को जमकर रंग लगाए, वहीं शाम से अबीर–गुलाल लगाकर रंगोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस दौरान विधि व्यवस्था में लगे प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारियों ने भी सहकर्मियों के साथ होली का जश्न मनाया। इधर, रांची में पूरे उत्साह के साथ लोगों ने एक–दूसरे को रंग तथा अबीर–गुलाल लगाकर होली का त्योहार मनाया। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने सहकर्मियों के साथ होली खेली और लोगों को इस पर्व की शुभकामनाएं दी। कोडरमा में भी होली को लेकर लोगों में उमंग और उत्साह देखने को मिला। यहां सोमालिया से आई एक युवती ने खूब होली खेली। उसकी दोस्त ने बताया कि उसे होली खेलकर काफी अच्छा लगा।

लोहरदगा जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोगों ने एक–दूसरे को रंग तथा अबीर–गुलाल लगाकर इस पर्व की खुशियां बांटी। इस अवसर पर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अपने सहकर्मियों के साथ जमकर होली खेली।

******************

राज्य के भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा है कि खासमहल जमीन को फ्री होल्ड करने की दिशा में राज्य सरकार कार्य कर रही है, ताकि लीजधारियों को जमीन का मालिकाना हक मिल सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए सदस्य, राजस्व परिषद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीति का गठन किया गया है। इसके बाद इसे मंजूरी के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक में रखा जाएगा।

******************

इसरो ने एल वी एम–थ्री प्रक्षेपण यान एलवीएम–एम सिक्स के छठे मिशन पर जाने वाले क्रायोजेनिक इंजन की फ्लाइट एक्सेप्टेंस हॉट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किया गया था।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कडी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

******************

मुंबई में एक से चार मई तक वेव्स सम्मेलन का आयोजन होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने नई दिल्ली में आउटरीच प्रोग्राम के जरिए इसके आयोजन से जुड़े जानकारियों को साझा किया। विश्व ऑडियो– विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन का मकसद मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में अंतराराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

******************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रघुवर दास ने बोकारो में कहा कि राज्य की जनता का हेमन्त सरकार पर से विश्वास उठता जा रहा है। वर्तमान सरकार जन उम्मीदों को पूरा नहीं कर पा रही है।

******************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस का मंथन शिविर 26 से 30 मार्च तक आयोजित होगा। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी के राजू और सह प्रभारी बेला प्रसाद भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस शिविर में विभिन्न जिलों से मिले फीड बैक की समीक्षा होगी।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज रामगढ़ जिला के नेमरा मे आयोजित बाहा पर्व कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने जाहेरथान में पारंपरिक विधि–विधान से पूजा अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश देता है। ऐसे पर्व–त्योहारों के माध्यम से हम आदिवासी परंपरा और कला संस्कृति को संरक्षित और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने राज्यवासियों से कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएं।

******************

कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में 800–800 मेगावाट की क्षमता वाले दो यूनिट लगाने की प्रक्रिया तेज हो गई है।

******************

गिरिडीह जिला के धनवार स्थित घोड़थम्बा में कल होली के दौरान दो पक्षों के बीच हुई हिंसा मामले में पुलिस ने अबतक 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावे अन्य

आरोपियों की पहचान की जा रही है, ताकि उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सके। वहीं आज अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिले के पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

*****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के घोड़थंबा में कल होली के दौरान पथराव और आगजनी की घटना को लेकर हेमन्त सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने में राज्य सरकार विफल साबित हो रही है।

साउंड बाईट–बाबूलाल मरांडी–21 सेकेंड

वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा कि पुलिस–प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घोड़थंबा में शांति बहाल कर दी है। इस घटना की आड़ में भ्रामक अफ़वाह और सनसनी फैलायी जा रही है।

*****************

राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में कल झारखंड राज्यस्तरीय वुडबॉल चयन ट्रॉयल सह प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता बालक और बालिकाओं के सीनियर और जूनियर श्रेणी में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी 22 से 26 मार्च तक नागपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

******समाप्त*******